31st August 2021

Queen's Valley School

**Queen's Valley School**
**Circular (III-XII): 2021-22**
**भाषा माह**

## कोटि -कोटि कंठों की, मधुर स्वरधारा है
## हिंदी है हमारी, हिंदुस्तान हमारा है ...

**आदरणीय अभिभावकगण,**

भाषा प्रत्येक देश के अस्तित्व में महत्वपूर्ण स्थान रखती है | भाषा और संस्कृति ही उस देश की असली पहचान होती है | सम्पूर्ण विश्व में भिन्न-भिन्न भाषाएँ बोली जाती हैं , जिसमें हिंदी का सर्वाधिक महत्व है | हिंदी भारतीय संस्कृति की आत्मा है | भाषा ही एक ऐसा सशक्त माध्यम है, जो पूर्णतः हमारे भावों एवं विचारों को प्रकट करने की स्वतंत्रता प्रदान करता है | अतः हिंदी भाषा प्रत्येक भारतवासी के आत्म गौरव की पहचान हैं | यह भाषा भारत में सबसे अधिक बोली जाती है । एक भाषा के रूप में हिंदी न सिर्फ भारत की पहचान है बल्कि यह हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची संवाहक, संप्रेषक और परिचायक भी है। अपनी भाषा के प्रति आदर भाव रखना व सम्मान देना हम सभी का प्रथम कर्तव्य है | प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर हमारे विद्यालय में हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है| इस वर्ष भी हिंदी दिवस के अवसर पर 'क्वींस वैली स्कूल' में हिंदी भाषा से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है|

## प्रतियोगिताओं के प्रथम चरण से जुड़े सभी दिशा - निर्देश निम्नलिखित हैं-

१. सभी छात्राएँ प्रतियोगिता के अनुसार अपने माता - पिता की सहायता लेकर स्वयं अपने आप को प्रतियोगिता के लिए तैयार करेंगी |
२. प्रतियोगिता का प्रथम चरण MS TEAM पर आपकी ऑनलाइन कक्षा में ही लिया जाएगा |
३. अंतिम चरण में जाने का निर्णय आपकी प्रस्तुतीकरण, हाव-भाव, उच्चारण, प्राप्तांक इत्यादि के आधार पर लिया जाएगा |
४. प्रथम चरण में चुनी गईं छात्राएँ ही अंतिम चरण का हिस्सा बनेंगी |

| कक्षा | सतत विकास लक्ष्य के संग प्रतियोगिता का नाम | प्रथम चरण (तारीख) | विवरण |
|---|---|---|---|
| तीसरी | महिला सशक्तिकरण - एक स्त्री की कहानी आपकी ज़ुबानी<br>(महिला सशक्तिकरण से संबंधित संक्षिप्त परिचय वेशभूषा सहित)<br>लक्ष्य -5 लैंगिक समानता | 06-09-2021 से 10-09-2021 तक | *छात्राएँ विषय अनुसार एक महिला पात्र का प्रस्तुतीकरण देंगी\|<br>*निर्णय मानदंड - अभिव्यक्ति, सहायक समाग्री, प्रस्तुतीकरण आत्मविश्वास\|<br>*समय सीमा - 2 से 3 मिनट |
| चौथी | घर का खाओ , घर में खाओ -हँसी की रिमझिम (खान - पान से संबंधित हास्यप्रद कविताओं का | 06-09-2021 से 10-09-2021 तक | *छात्राएँ विषय अनुसार एक हास्य कविता का प्रस्तुतीकरण देंगी\|<br>*शब्दों का सही उच्चारण \|<br>*निर्णय मानदंड - प्रस्तुतीकरण, अभिव्यक्ति, सहायक समाग्री, आत्मविश्वास\| |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | प्रस्तुतीकरण)<br>लक्ष्य- 3 अच्छा स्वास्थ्य और जीवनस्तर | | *समय सीमा - 2 से 3 मिनट |
| पाँचवीं | पर्यावरण संरक्षक -पात्र परिचय<br>(पर्यावरण संरक्षक से संबंधित संक्षिप्त परिचय वेशभूषा सहित)<br>लक्ष्य -15 भूमि पर जीवन | 06-09-2021 से 10-09-2021 तक | *छात्राएँ विषय अनुसार पात्र परिचय प्रस्तुत करेंगी \|<br>*शब्दों का सही उच्चारण \|<br>*निर्णय मानदंड - प्रस्तुतीकरण, अभिव्यक्ति, सहायक सामग्री, आत्मविश्वास \|<br>*समय सीमा - 2 से 3 मिनट |
| छठी | मुहावरों की लुकाछिपी -<br>मुहावरे और लोकोक्ति<br>सतत विकास के सभी लक्ष्य | 06-09-2021 से 10-09-2021 तक | *छात्राएँ किसी भी एक मुहावरे या लोकोक्ति का प्रस्तुतीकरण देंगी\|<br>*निर्णय मानदंड -प्रस्तुतीकरण, अभिव्यक्ति, सहायक सामग्री, आत्मविश्वास ।<br>*समय सीमा - 2 से 3 मिनट |

| | | | |
|---|---|---|---|
| सातवीं | आज के समाचार - मैं एक संवाददाता के रूप में सतत विकास के सभी लक्ष्य | 06-09-2021 से 10-09-2021 तक | *छात्राएँ विभिन्न समाचार चैनल के संवाददाता के रूप में विषय के अनुसार प्रस्तुतीकरण करेंगी ।<br>*शब्दों का सही उच्चारण \|<br>*निर्णय मानदंड -प्रस्तुतीकरण, अभिव्यक्ति, सहायक सामग्री, आत्मविश्वास ।<br>*समय सीमा - 2 से 3 मिनट |
| आठवीं | जलवायु परिवर्तन - वाचन कौशल<br><br>लक्ष्य -13 जलवायु परिवर्तन | 06-09-2021 से 10-09-2021 तक | *जलवायु परिवर्तन वाचन कौशल \|<br>छात्राएँ विषय अनुसार अपने विचार प्रस्तुत करेंगी \|<br>*शब्दों का सही व शुद्ध उच्चारण, विषय के अनुरूप शब्दों का चयन \|<br>* निर्णय मानदंड -विषय के अनुरूप विषय वस्तु का चयन, हाव भाव, प्रस्तुतीकरण, उच्चारण की शुद्धता, आत्मविश्वास \|<br>*समय सीमा 2 से 3 मिनट |
| नवीं | धरती और पानी में जीवन - नारा या स्लोगन लक्ष्य -14 , 15 पानी में जीवन , भूमि पर जीवन | 13-09-2021 से 17-09-2021 तक | *छात्राओं द्वारा एक- एक नारा लिखकर दिए गए लिंक पर अपलोड किया जाएगा \|<br>*छात्राएँ दिए गए विषय पर सुंदर एवं आकर्षक नारा लिखेंगी और उसका प्रस्तुतीकरण करेंगी \|<br>*एसडीजी लक्ष्यों के बारे में छात्रों को उनके ज्ञान और समझ के आधार पर आंका जाएगा।<br>*शब्दों का उपयुक्त चयन एवं आपसी तालमेल, विषय से संबद्धता, मौलिकता, रचनात्मकता आदि मुख्य बिंदुओं पर |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | प्रतियोगिता का मूल्यांकन किया जाएगा \|<br>*शब्दों का सही उच्चारण, अभिव्यक्ति एवं सहायक सामग्री के आधार पर भी मूल्यांकन किया जाएगा \|<br>*समय सीमा 2 से 3 मिनट |
| दसवीं | सौर ऊर्जा - विज्ञापन लेखन<br><br>लक्ष्य -7 सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा | 13-09-2021 से 17-09-2021 तक | *छात्राओं द्वारा एक- एक विज्ञापन लिखकर दिए गए लिंक पर अपलोड किया जाएगा \|<br>*छात्राएँ दिए गए विषय पर सुंदर एवं आकर्षक विज्ञापन लिखेंगी और उसका प्रस्तुतीकरण करेंगी \|<br>*एसडीजी लक्ष्यों के बारे में छात्रों को उनके ज्ञान और समझ के आधार पर आंका जाएगा।<br>*आकर्षित, सरल एवं बोधगम्य, स्मरणीय एवं रचनात्मकता का गुण आदि मुख्य बिंदुओं पर विज्ञापन लेखन प्रतियोगिता का मूल्यांकन किया जाएगा \|<br>*शब्दों का सही उच्चारण, अभिव्यक्ति एवं सहायक सामग्री के आधार पर भी मूल्यांकन किया जाएगा \|<br>*समय सीमा 2 से 3 मिनट |

| | | | |
|---|---|---|---|
| ग्यारहवीं/ बारहवीं | भारत की गौरव गाथा (कविता वचन ) | 18-09-2021 | *छात्राएँ अपनी कविता वाचन का ऑडियो दिए गए Email ID |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | पर 12 सितंबर तक जमा करेंगी।<br>Sandhya.tripathi@queensvalleyschool.in<br>*शब्दों का सही प्रयोग, उच्चारण, हाव-भाव, आरोह- अवरोह मूल्यांकन के मानदंड होंगे \|<br>*समय सीमा 3-4 मिनट |

प्रथम चरण में चुनी गई छात्राएँ MS TEAM पर ऑनलाइन आयोजित होने वाले अंतिम चरण का हिस्सा बनेंगी | इसके लिए दिशा - निर्देश स्कूल की वेबसाइट के माध्यम से सूचित किए जाएँगे ।

अधिकतम भागीदारी की उम्मीद है |

हिंदी विभाग

QVS

साइबर स्मार्ट बनें और खुद को ऑनलाइन सुरक्षित रखने के लिए हमेशा साइबर सुरक्षा नियमों का पालन करें।

- अपनी निजी जानकारी किसी भी अजनबी के साथ ऑनलाइन साझा न करें |
- ऑनलाइन खातों को सुरक्षित बनाएँ और मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें।
- अगर कोई आपको डरानेधमकाने की कोशिश करता है तो साइबर बुलिंग में शामिल न हों और - बड़ों से बात करें।
- संदिग्ध लिंक या वेबसाइट पर क्लिक न करें।